RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


## गुस्ताखी माफ

आशा-वाशा मत रखें, हम लोगों से आप।
रक्षा-वक्षा कीजिए, अपनी अपने आप।
अपनी अपने आप, बचें खुद ही महिलाएं।
समय कहां है यहां, लपक कर तुम्हें बचाएं।
कह साहिल कविराय, देखते खड़े तमाशा।
हम लोगों से आप, रखें मत आशा-वाशा।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल


VOL: 11 | ISSUE 57 | WEDNESDAY 11-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# आपको इस पर यकीन नहीं होगा!

## हाँ, यह असंभव लगता है - लेकिन यह सच है

## भारत में पहली बार 97% महिलाओं को सम्मान, पंजाब सरकार का ऐतिहासिक कदम

### मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना

अब पंजाब की हर महिला को ₹1,000 प्रतिमाह

एस.सी. वर्ग की महिलाओं को ₹1,500 प्रतिमाह

"पंजाब ने पूरे देश के सामने महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की है। "मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना" यह साबित करती है कि अगर सरकार की नीयत साफ हो, तो हर गारंटी पूरी की जा सकती है। जब देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा।"

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



## शानदार चार साल, भगवंत मान दे नाल

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# Relive Fest फेस्ट में रक्तदान शिविर बना सेवा का प्रतीक, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा : अमित थापर



लुधियाना/यूटर्न/10 मार्च। यूटर्न टाइम्स अखबार और जन हितैषी चैनल की ओर से लोधी क्लब में आयोजित री-लिव फेस्ट के दौरान लगाए गए रक्तदान शिविर में लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। समाज सेवा की भावना के साथ युवाओं और शहर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता बढ़ाना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और इस नेक कार्य में भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने आयोजकों की इस पहल की सराहना की और आग्रह किया कि इस तरह के सामाजिक और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम हर तीन महीने में आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग मानव सेवा से जुड़ सकें।



## इन लोगों ने भी किया ऑर्गन डोनेशन



### रक्तदान करने वालों में प्रमुख नाम

- रक्तदान करने वालों में संदीप शर्मा, कोमल शर्मा, अमृतपाल सिंह, गगन जैन, मनीष कुमार, रिंपल, काशिश आहूजा, अशिमा आहूजा, हरिंदर सिंह, कनिष्का राजपाल, सुनील गुप्ता, नितिन जैन, रसेश वेओमा, मनराज सिंह, सरबजीत सिंह, कपिल जिंदल, शेलगा गुप्ता, निधि लाडला, इशिका लाडिया, रवीना, आशीष, रोहित शर्मा, राजीव अग्रवाल, जगदीप सिंह और गुरजोत सिंह शामिल हैं। वहीं ज्वेलरी कारोबारी आनंद सिकरी, मनोज ढांडा, संदीप शर्मा, कोमल शर्मा द्वारा ऑर्गन डोनेशन भी किया गया है।

### जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता

- इस अवसर पर समाजसेवी अमित थापर ने संदेश देते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करें और समाज सेवा के इस अभियान का हिस्सा बनें।

# तेज रफ्तार ऑडी ने विदेशी युवती को कुचला, मौके पर मौत

डेराबस्सी, यूटर्न, 10 मार्च। शहर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात वीआईपी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार काले रंग की ऑडी कार ने पैदल जा रही एक विदेशी युवती को कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।



जानकारी के अनुसार यह हादसा देर रात करीब 12 बजे वीआईपी रोड स्थित एमकेयर अस्पताल के सामने हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विदेशी युवती मावलूदा एमकेयर अस्पताल से किसी मरीज को देखकर अपने दोस्त के साथ पैदल जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ऑडी कार ने सड़क पार कर रही युवती को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवती करीब 14 फुट ऊपर उछलकर सड़क की दूसरी ओर जा गिरी। हादसे में उसे गंभीर चोटें आई और अधिक खून बहने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय युवती के साथ मौजूद अभिषेक उर्फ अभी ने बताया कि मृतका उनकी दोस्त थी और वह एमकेयर अस्पताल में उसकी गर्भवती पत्नी का हालचाल पूछने के लिए आई थी। जब वह दोनों अस्पताल के बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंचे तो अचानक तेज रफ्तार ऑडी कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से अभिषेक को भी हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब एक घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर डेराबस्सी के सिविल अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके। जांच अधिकारी राज कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान विदेशी नागरिक मावलूदा के रूप में हुई है। उसकी बहन तुर्की से भारत आ रही है। उसके आने के बाद पोस्टमार्टम सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जीरकपुर में ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान, 9 दिनों में 2420 चालान

जीरकपुर, यूटर्न, 10 मार्च। सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर की ओर से शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रैफिक इंचार्ज जीरकपुर की अगुवाई में यह अभियान 1 मार्च से 9 मार्च 2026 तक शहर के विभिन्न स्थानों पर चलाया गया।

अभियान के दौरान कालका चौक, पटियाला चौक, वीआईपी रोड, एमसीडी से छत रोड, पूजा प्लाजा, बलटाना रोड, ढकोली रोड, सिंहपुरा रोड और ए.के.एम. के पास सहित कई प्रमुख स्थानों पर पुलिस टीमों ने नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 2420 चालान किए गए। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग, गलत पार्किंग, बिना दस्तावेज वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना और तेज रफ्तार जैसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन शामिल है।

पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि सभी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**नियमों का पालन करें, सुरक्षित सफर करें...** ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, वाहन के सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 57 | WEDNESDAY 11-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com





**Mohinder Goel**
CREDAI (THE CONFEDERATION OF REAL ESTATE DEVELOPERS ASSOCIATION OF INDIA)



**Rajnish Ahuja**
APEX CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY (PUNJAB)



**Sidharat Khana**
NORTHERN INDIA TEXTILE MILES ASSOCIATION



**Upkar Ahuja**
CICU - CHAMBER OF INDUSTRIAL & COMMERCIAL UNDERTAKINGS



**Gurmeet Kular**
FICO - FEDERATION OF INDUSTRIAL & COMMERCIAL ORGANIZATION



**Harsimarjit Lucky**
UCPMA - UNITED CYCLE & PARTS MANUFACTURERS ASSOCIATION



Gratitude to Hon'ble Industry Minister

## SHRI SANJEEV ARORA

### PUNJAB'S INDUSTRIAL & BUSINESS POLICY 2026

is a positive step for the growth of industry and business in the state.
The industry fraternity sincerely thanks
**Hon'ble Industry Minister Mr. Sanjeev Arora**
for introducing this industry-friendly policy that will encourage new investments, create job opportunities, and support Punjab's economic growth.

We believe that under his leadership, Punjab will continue to move forward as a strong destination for industry and business.

# कालका-पिंजौर में पुलिस-आरएएफ की संयुक्त ड्रिल, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी

पंचकूला, यूटर्न, 10 मार्च। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारी के तहत पंचकूला पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने कालका और पिंजौर क्षेत्र में दो दिवसीय संयुक्त अभ्यास किया। 9 और 10 मार्च को आयोजित इस ड्रिल के दौरान पुलिस और आरएएफ की टीमों ने संवेदनशील व महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कोम्बिंग ऑपरेशन चलाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और विभिन्न संभावित परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की रणनीति का अभ्यास किया।



डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य जिले के संवेदनशील इलाकों में किसी भी संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए पहले से तैयारी करना है। उन्होंने कहा कि ऐसी ड्रिल से पुलिस और आरएएफ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है, जिससे आपात स्थिति में तेजी से और प्रभावी कार्रवाई संभव हो पाती है।

ड्रिल के दौरान आरएएफ टीम का नेतृत्व असिस्टेंट कमांडेंट राजेश कुमार पांडे ने किया। कालका क्षेत्र में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनसा राम और पिंजौर थाना क्षेत्र में सब-इंस्पेक्टर राजबीर सिंह अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे।

लाइन ऑफिसर अजब सिंह भी इस दौरान उपस्थित रहे। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने कहा कि जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस तरह के अभ्यास आगे भी जारी रहेंगे।

# मोहाली में सिक्योरिटी गार्ड बना करोड़पति: 200 के टिकट पर निकला डेढ़ करोड़ का इनाम; पंचकूला का रहने वाला

पंजाब/ यूटर्न/10 मार्च। मोहाली में सिक्योरिटी गार्ड ने डेढ़ करोड़ रुपए का इनाम जीता है। उन्होंने पंजाब स्टेट डियर लॉटरी का 200 रुपए का टिकट खरीदा था और फिर रातों-रात उसकी किस्मत बदल गई।सिक्योरिटी गार्ड कपिल हरियाणा के पंचकूला जिले के रायपुररानी के गांव मौली के रहने वाले हैं। लॉटरी जीतने के बाद परिवार भी काफी खुश है। वहीं, परिवार वालों को अब लोग बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं।



## परिवार में पत्नी और तीन बच्चे

कपिल देव एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। उनके पिता पंजाब कृषि विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कपिल सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, पर वेतन ज्यादा नहीं था।

लेकिन वह भी चाहता था कि उसका जीवन बदले। इसी सोच को लेकर कपिल देव ने मासिक पंजाब स्टेट डियर लॉटरी टिकट मोहाली के जीरकपुर स्थित लोकेश लॉटरी एजेंसी से खरीदी थी। इसमें घोषित हुए परिणामों में उनकी टिकट को पहला पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## 30वें करोड़पति बने कपिल

लॉटरी एजेंसी के संचालक लोकेश कुमार ने बताया कि कपिल देव उनकी एजेंसी से लॉटरी टिकट खरीदकर करोड़पति बनने वाले 30वें व्यक्ति हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उनकी एजेंसी से 29 लोग करोड़पति बन चुके हैं।

**पंजाब में ऑनलाइन लॉटरी पर पूरी तरह से बैन...** पंजाब में ऑनलाइन लॉटरी पूरी तरह से बैन है। पंजाब स्टेट लॉटरी विभाग न तो ऑनलाइन टिकट बेचता है और न ही चलाता है, हमेशा असली टिकट ही खरीदें और वो भी सिर्फ अधिकृत विक्रेताओं से। फोटो या ऑनलाइन कॉपी वाला टिकट मान्य नहीं होता। विभाग कभी भी विजेताओं से ऑनलाइन पेमेंट या टैक्स के नाम पर पैसे नहीं मांगता। अगर, आपको कोई संदिग्ध मैसेज मिले या ठगी का शिकार हो जाएं तो तुरंत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं।

# स्प्रिंग डेल स्कूल में पूर्व चेयरमैन के जन्मदिवस पर करवाया गया पाठ

लुधियाना/यूटर्न/10 मार्च। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में पूर्व चेयरमैन निर्मल सिंह वालिया का जन्मदिवस बड़ी श्रद्धा से मनाया गया। वे गुरबानी के भक्त थे, इसलिए गुरबानी के प्रति उनकी श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए स्कूल में धन्य श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की उपस्थिति में श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ करवाया गया। जिसके बाद स्कूल में होने वाले सहज पाठ का भोग भी डाला गया। इस दौरान रूहानी शबद कीर्तन से सारी संगत आनंदित हुई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरपर्सन




अविनाश कौर वालिया ने पूर्व चेयरमैन निर्मल सिंह वालिया की मेहनत को संगत के साथ सांझा किया। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर मंदीप वालिया, कमलप्रीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा ने भी गुरु के चरणों में श्रद्धा के फूल चढ़ाए और स्कूल एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की।

# स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए नगर निगम के नुक्कड़ नाटक, लोगों को दिया कचरा पृथक्करण का संदेश



चंडीगढ़, यूटर्न, 10 मार्च। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में नगर निगम ने शहर के कई सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन शुरू किया है, जिसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार (आईएएस) ने बताया कि ये नुक्कड़ नाटक शहर के व्यस्त बाजारों, रिहायशी इलाकों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वच्छता का संदेश पहुंच सके। इन प्रस्तुतियों में कलाकार हास्य और सामाजिक संदेश के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, कचरे के उचित निपटान और सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। नाटकों के दौरान लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही आरआरआर (Reduce, Reuse, Recycle) यानी कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की अवधारणा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए स्थानीय लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिल रही है। नगर निगम का कहना है कि ऐसे जागरूकता अभियानों का उद्देश्य लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना और स्वच्छ, हरित चंडीगढ़ के निर्माण में जनभागीदारी को मजबूत करना है।

# बार एसोसिएशन द्वारा विश्व महिला दिवस पर महिला जज सम्मानित



डेराबस्सी, यूटर्न, 10 मार्च। बार एसोसिएशन डेराबस्सी ने महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जिसमें सभी लेडीज जज और महिला वकीलों ने हिस्सा लिया। मैडम जज परनीत कौर, गुरप्रीत कौर, नंदिता मैडम और दूसरी लेडीज जज चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद थीं। सभी जजों ने अपने विचार शेयर किए और महिला एम्पावरमेंट के बारे में प्रेरणा देने वाली बातें कहीं। इस दौरान लेडीज बार मेंबर्स ने कल्चरल लोकगीत गाए और गिद्दा करके प्रोग्राम को रंगीन बना दिया। सभी महिला मेंबर्स ने भी अपने विचार शेयर किए। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विक्रमजीत सिंह दप्पर ने सभी जजों का धन्यवाद किया और कहा कि बार एसोसिएशन डेराबस्सी ने हमेशा महिला शक्ति का सम्मान किया है। उन्होंने खास तौर पर यह भी बताया कि अभी हमारी कोर्ट में 9 लेडीज जज हैं, जो अपने आप में महिला एम्पावरमेंट की निशानी है। वाइस प्रेसिडेंट राम कुमार धीमान और जनरल सेक्रेटरी इंदरपाल सिंह खादरी ने भी सभी जजों और लेडीज बार मेंबर्स का धन्यवाद किया। बाद में जॉइंट सेक्रेटरी सीमा धीमान ने सभी जजों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 कच्चा मलक रोड पर खुले गड्ढे में गिरा सांड, गैस ...

# स्मार्ट सिटी फंड में 116.84 करोड़ की संदिग्ध एफडी, बैंक मैनेजर समेत कई के खिलाफ केस दर्ज

## ईओडब्ल्यू की जांच में 8.22 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन भी आए सामने

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 मार्च। चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी परियोजना से जुड़े फंड में कथित वित्तीय गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। चंडीगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने नगर निगम और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के खातों में संदिग्ध लेन-देन की जांच शुरू कर दी है।




प्रारंभिक जांच में करीब 116.84 करोड़ रुपये की संदिग्ध फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और 8.22 करोड़ रुपये के संदिग्ध ट्रांजैक्शन का खुलासा हुआ है। इस मामले में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत अकाउंटेंट अनुभव मिश्रा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर रिभव ऋषि और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

यह शिकायत नगर निगम आयुक्त अमित कुमार की ओर से दी गई थी। शिकायत के अनुसार, मार्च 2025 में स्मार्ट सिटी परियोजना के बंद होने के बाद उससे जुड़े सभी वित्तीय रिकॉर्ड, संपत्तियां और बैंक खाते नगर निगम को सौंप दिए गए थे। परियोजना के दौरान सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की शाखा में कई खाते खोले गए थे, जिनके जरिए सभी वित्तीय लेन-देन किए जाते थे। परियोजना के समापन के समय खातों में मौजूद राशि को एक विशेष खाते में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, ताकि कैपेक्स और ओपेक्स से जुड़े बकाया भुगतान किए जा सकें। जांच के दौरान नगर निगम अधिकारियों ने बैंक रिकॉर्ड और परियोजना से जुड़े दस्तावेजों का मिलान किया तो कई गंभीर विसंगतियां सामने आईं। दस्तावेजों में जिन एफडीआर को सक्रिय संपत्ति के रूप में दिखाया गया था, वे बैंक के वास्तविक रिकॉर्ड में मौजूद नहीं मिले, जिनकी कुल राशि 116.84 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा बैंक स्टेटमेंट में तीन संदिग्ध भुगतान प्रविष्टियां भी सामने आई हैं। इनमें 11 अप्रैल 2025 को दो और 1 सितंबर 2025 को एक ट्रांजैक्शन दर्ज है, जिनकी कुल राशि 8.22 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नगर निगम के रिकॉर्ड में इन भुगतानों का कोई स्पष्ट विवरण नहीं मिला, जिसके चलते इन्हें संदिग्ध माना जा रहा है। फिलहाल आर्थिक अपराध शाखा पूरे मामले की जांच कर रही है और अधिकारियों का कहना है कि बैंक रिकॉर्ड और परियोजना से जुड़े दस्तावेजों की गहन पड़ताल के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चंडीगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट पर जांच अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की



चंडीगढ़, यूटर्न, 10 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस ने नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों की जांच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला सेक्टर-26 स्थित रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के मल्टीमीडिया हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसपी/हेडक्वार्टर एवं ट्रेनिंग यूटी चंडीगढ़ मनजीत के मार्गदर्शन और डीएसपी/ट्रेनिंग अमराव सिंह की निगरानी में आयोजित किया गया। कार्यशाला में नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों की जांच कर रहे अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के कानूनी प्रावधानों और जांच से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में एल.एस. राणा, रिटायर्ड वाइस प्रिंसिपल, सीटीडीआई सेक्टर-36 चंडीगढ़ ने भाग लिया। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत सर्च और सीजर की प्रक्रिया, सबूतों के संग्रह, बरामद नशीले पदार्थों के सैंपलिंग व सीलिंग, चेन ऑफ कस्टडी बनाए रखने और अदालत में पेशी से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी बताया गया कि एनडीपीएस मामलों की जांच के दौरान किन कानूनी प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करना जरूरी है, ताकि अदालत में केस मजबूत बन सके।

# 24 घंटे के भीतर मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार, छीना गया फोन बरामद



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 मार्च। सेक्टर-34 थाना पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की महिला एसएसपी के निर्देशों पर, एसपी सिटी के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर और थाना प्रभारी सेक्टर-34 इंस्पेक्टर सतिंदर कुमार की निगरानी में की गई। मामले की जांच के दौरान एसआई नवीन, एचसी हंसदीप, कांस्टेबल दीपक और कांस्टेबल संजय की टीम ने आरोपी को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपी की पहचान सुमित उर्फ गोलू, पुत्र बोध राज, निवासी गली नंबर-1, गांव बुड़ैल, सेक्टर-45 चंडीगढ़ के रूप में की है। पुलिस के अनुसार 8 मार्च 2026 को अधिवक्ता अशोक कुमार बत्रा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह रात करीब 8:30 बजे सेक्टर-45 स्थित गौशाला में गायों को रोटियां खिलाने गए थे। जब वह गौशाला से सेक्टर-45 सी/डी की ओर स्लिप रोड से जा रहे थे, तभी एक युवक उनसे बातचीत करने लगा। इसी दौरान युवक ने उन्हें धक्का देकर उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गया।

# पंजाब में गेहूं खरीद से पहले हड़ताल का खतरा: आढ़तियों ने किया केंद्र की नीतियों का विरोध, गेहूं खरीद का बायकॉट की चेतावनी

पंजाब/ यूटर्न/10 मार्च।पंजाब में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद का सीजन शुरू होने वाला है। इससे पहले ही मंडियों में हड़ताल का खतरा मंडरा रहा है। आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे 1 अप्रैल से हड़ताल पर जा सकते हैं और गेहूं की खरीद का बायकॉट कर सकते हैं। इस संबंध में एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में आढ़तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें बड़ी संख्या में आढ़ती शामिल हुए। बैठक के दौरान दो मुख्य मुद्दों पर चर्चा की गई। पहला मुद्दा आढ़तियों की ढाई प्रतिशत आढ़त (कमीशन) से संबंधित है। आढ़तियों का कहना है कि ढाई प्रतिशत आढ़त उनका अधिकार है और इसमें कटौती करके उनके हकों को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ढाई प्रतिशत आढ़त को फिर से बहाल किया जाए। आढ़तियों ने यह भी याद दिलाया कि पंजाब सरकार ने वादा किया था कि यदि केंद्र सरकार ढाई प्रतिशत आढ़त लागू नहीं करती तो पंजाब सरकार अपने स्तर पर इसे बढ़ाएगी।



## हरियाणा सरकार दे रही 55 रुपए प्रति क्विंटल

उन्होंने हरियाणा सरकार का उदाहरण दिया, जिसने 9 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर आढ़त को 55 रुपए कर दिया है। इसलिए, आढ़तियों ने पंजाब सरकार से भी इसे हरियाणा के बराबर करने की मांग की है। दूसरा बड़ा मुद्दा ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) कानून से जुड़ा है। आढ़तियों का आरोप है कि केंद्र सरकार यह कानून जबरदस्ती उन पर लागू करने की कोशिश कर रही है। खन्ना मंडी के लगभग 100 आढ़तियों को ईपीएफ विभाग की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है, जिसका आढ़तियों ने कड़ा विरोध किया है।

## हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

आढ़ती एसोसिएशन खन्ना के अध्यक्ष हरबंस सिंह रोशा ने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने आढ़तियों की मांगों को गंभीरता से नहीं सुना तो उन्हें बड़े स्तर पर संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 1 अप्रैल से गेहूं खरीद का सीजन शुरू होने से पहले समाधान नहीं निकला तो आढ़ती हड़ताल पर जा सकते हैं, जिसका सीधा असर गेहूं की खरीद पर पड़ेगा। इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने के लिए 16 मार्च को हरिके पत्तन में राज्य स्तरीय सम्मेलन बुलाया गया है। इसमें पंजाब भर के आढ़ती शामिल होंगे और आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। आढ़तियों ने स्पष्ट किया है कि यदि ढाई प्रतिशत आढ़त बहाल नहीं की गई और ईपीएफ के मुद्दे पर राहत नहीं दी गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा।




# जगरांव के गांव कोठे हरी सिंह में दीवार के निर्माण को लेकर दो गुटों में खूनी झड़प

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मार्च। जगरांव के नजदीकी गांव कोठे हरी सिंह में बीती रात एक प्रवासी परिवार के दो गुटों के बीच चल रहा पुराना विवाद उस समय हिंसक रूप ले गया, जब दीवार के निर्माण और सरकारी टाइलें उखाड़ने को लेकर दोनों पक्षों में जमकर टकराव हुआ। इस दौरान कथित तौर पर गोली चलने की भी खबर है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूदा सरपंच के बेटे सहित कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पंचायत का पक्ष और विवाद की जड़:- गांव की मौजूदा महिला सरपंच रणजीत कौर, पंच हाकम सिंह और पंचायत सदस्य इकबाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में रहने वाले एक प्रवासी परिवार के सदस्यों (जो अलग-अलग घरों में रहते हैं) के बीच पिछले काफी समय से आपसी विवाद चल रहा है। पंचायत ने कई बार अपने स्तर पर समझौता करवाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। सोमवार को यह विवाद तब फिर भड़क गया जब एक पक्ष ने गली में लगी सरकारी इंटरलॉकिंग टाइलें उखाड़कर वहां दीवार बनाने की कोशिश की। सूचना मिलने पर पंचायत सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवा दिया और बनाई जा रही दीवार को गिरा दिया। पंचायत के अनुसार, देर शाम दोनों गुटों में फिर से हिंसक झड़प हो गई। सरपंच ने बताया कि कथित तौर पर गोली चलने की घटना की जानकारी उन्हें मंगलवार तड़के मिली।

## कथित तौर पर चली गोली, चार राउंडअप


पहले पक्ष की निशा

**प्रथम पक्ष के आरोप :-बाहर से आकर हम पर हमला किया और गोली चलाई...**इस घटनाक्रम को लेकर एक पक्ष की महिला निशा ने आरोप लगाया है कि उनके देवर के परिवार ने पिछले सात सालों से उनके मुख्य दरवाजे के साथ शौचालय बनाया हुआ था, जिसे कुछ महीने पहले ही हटाया गया था। निशा का आरोप है कि अब उनके देवर पप्पू ने जानबूझकर अपनी हद से बाहर आकर सरकारी टाइलें उखाड़कर दीवार बनाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि देर शाम नंगल डैम से आई उनकी ननद और अन्य सदस्यों ने मिलकर उनके और उनके बच्चों के साथ मारपीट की और दरवाजे तोड़ दिए। जब उन्होंने बचाव के लिए पंचायत को बुलाया, तो ननद के साथ आए देवर ने कथित तौर पर गोली चला दी। महिला ने दावा किया है कि पुलिस ने मौके से दो हथियार भी बरामद किए हैं।



**पूर्व सरपंच का अहम खुलासा :-** विवादित गली की जमीन पंचायत की नहीं, निजी है इस पूरे मामले में उस वक्त एक नया मोड़ आ गया जब गांव के पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह ने एक हैरान करने वाली जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिस गली की टाइलें उखाड़ने को लेकर यह सारा विवाद हुआ है, असल में वह जगह पंचायत की नहीं बल्कि प्रवासी परिवार के मुखिया मनोहर लाल की निजी संपत्ति है। पूर्व सरपंच ने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल के दौरान मनोहर लाल की सहमति और आपसी भाईचारे के तहत ही पंचायत ने उस गली में इंटरलॉकिंग टाइलें लगवाई थीं।


मौजूदा सरपंच रणजीत कौर

**पुलिस की कार्रवाई जारी :-**घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं और कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। असल सच्चाई पुलिस की तफ्तीश पूरी होने के बाद ही सामने आ पाएगी।

### दूसरे पक्ष


आशा


मनोहर लाल

**दूसरे पक्ष की सफाई :-**बाहरी लोगों को बुलाकर हमारी बेरहमी से पिटाई की गई दूसरी ओर, बुजुर्ग मनोहर लाल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि वे पंचायत के फैसले के अनुसार तय जगह पर ही दीवार बनाने को तैयार थे, लेकिन दूसरे पक्ष ने गांव के ही कुछ बाहरी लोगों को बुला लिया। मनोहर लाल का आरोप है कि उन लोगों ने आते ही गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। यहां तक कि उन्हें दवाई दिलाने आए लड़कों को भी घसीट-घसीट कर पीटा गया। कथित गोलीबारी के सवाल पर उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## रूह से रूबरू




चारु नागपाल

### हमें क्या चाहिए? मीठी नींद या कड़वी चिंता?

हमारा प्रतिदिन बस एक ही दिनचर्या पर बंधा रहता है। जो तीन हिस्सों में बंटी है-जरूरतें, जिम्मेदारियाँ और ख्वाहिशें। जरूरतें तो तकरीबन हमारी बहुत कम होती हैं पर जिम्मेदारियों और ख्वाहिशों के बोझ में लदकर रात तक हम लोग थके हारे जब बिस्तर पर जा कर गिरते हैं तब अगर कुछभी एक काम पूरा न हुआ हो तो चिंता आ कर चिपक जाती है जो सोने नहीं देती। मजे की बात यह है कि जिम्मेदारी की चिंता तो बहुत कम लोग लेते हैं लेकिन ख्वाहिशों की चिंता हर किसी को बेचैन कर देती है। हमें बस सभी से कोई न कोई ख्वाहिश है जिसे जब कोई पूरा नहीं करता तो मन मुटाव की स्थिति बन जाती है पर कभी कोई अपनी जिम्मेदारी का बोझ अपने सिर नहीं लेता। उसका दोष दूसरों के सिर मढने के लिए हमें लाखों सिर मिल जाते हैं पर अपनी गलती कोई नहीं मानता। तो अगर हम इन सारी बातों पर गौर करें तो हमारी प्रतिदिन की दिनचर्या के तीनों भागों में से न हमें अपनी जरूरतों की ज्यादा खबर है और न ही अपनी जिम्मेदारियों की परवाह है। हमलोग बस अपने ख्वाहिशों के जाल में फंसे अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अपने मुँह में डाले गए खाने को बस हमें ही निगलना होता है और वो हम बखूबी पूरी जिम्मेदारी से करते हैं अगर इस काम में ध्यान नहीं देंगे तो खाना हमारी सांस की नली में फंस सकता है। और अगर कभी फंस भी जाता है तो उसका दोष हम किसी दूसरे को न देकर खुद ही ठीक होने का प्रयास करते हैं। तो फिर हम अपनी जिंदगी में ऐसा क्यों नहीं करते क्यों अपनी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास नहीं करते? क्यों हम अपने दोष दूसरों के सिर मढकर खुद साफ बच जाते हैं? जिस दिन इन्सान अपनी जरूरतों का दायरा और जिम्मेदारी का कर्तव्य समझ जाएगा तब उसकी खुदकी ख्वाहिशें भी घटती जाएँगी और फिर हमारी दिनचर्या रात को मीठी नींद देगी कड़वी चिंता नहीं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**HUF (Hindu Undivided Family) क्या है और कैसे बनता है?**

HUF एक कानूनी इकाई है, जो हिंदू संयुक्त परिवार की अवधारणा पर आधारित है। यह परिवार के सदस्यों से मिलकर बनता है और विशेष रूप से कर (taxation) और पैतृक संपत्ति प्रबंधन में उपयोगी माना जाता है।

HUF स्वत: बन सकता है, जब परिवार में पैतृक संपत्ति हो और Coparceners मौजूद हों। इसका एक Karta होता है, जो परिवार का प्रबंधक होता है। पहले यह पद केवल पुरुष सदस्य निभाते थे, लेकिन अब पुत्री भी Karta बन सकती है।

HUF की आय और संपत्ति व्यक्तिगत आय से अलग मानी जाती है। कर कानून में HUF को अलग taxable entity के रूप में देखा जाता है। HUF तब तक बना रहता है, जब तक संपत्ति का विधिक partition न हो जाए। एक बार पूर्ण बँटवारा हो जाए, तो HUF समाप्त हो सकता है।

निष्कर्ष: HUF पारंपरिक संयुक्त परिवार की कानूनी पहचान है। यह संपत्ति और कर संरचना दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन इसकी संरचना और अधिकारों को समझना आवश्यक है।

# नोबल फाउंडेशन के स्कूलों का रिजल्ट घोषित, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिला सम्मान

लुधियाना, यूटर्न, 10 मार्च। नोबल फाउंडेशन द्वारा संचालित मां शारदा विद्यापीठ की मुंडियां कलां और करनैल कॉलोनी शाखाओं के कुल 433 विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती निशा शर्मा (प्रेसिडेंट, इनर व्हील क्लब) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आईआरएस अधिकारी श्री धनंजय माली (एडिशनल कमिश्नर, डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस, लुधियाना) ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती श्वेता जिंदल (प्रेसिडेंट, फिक्की) और श्री राकेश कपूर (पैरामाउंट इंडस्ट्री) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में शानी, गुरप्रीत, अंजलि, यश, पुष्पा, सागर कुमार, नीतू, पीयूष, आरुषि, मोहित,





आलिया, जोयल और संगीता शामिल रहे। वहीं साफिया, रितेश, बलवीर, आंचल, सुनीता, मुस्कान, शिवम और अन्य विद्यार्थियों ने सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि कई छात्रों को ब्रोंज मेडल से सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्रिया कुमारी और संगीता को दिया गया। सबसे अधिक उपस्थिति का अवार्ड अदिति कुमारी और आरुषि को मिला, जबकि पिग्गी बैंक प्रोजेक्ट में गणेश और आरुषि को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि धनंजय माली ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के साथ उनके माता-पिता और दादा-दादी को सम्मानित करना एक प्रेरणादायक पहल है। अंत में संस्था के फाउंडर राजेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए मेहनत को अपनाने की प्रेरणा दी।

## लुधियाना में लगातार किया जा रहा पेड़ों का कत्ल

# CMO का घरों के बाहर पेड़ काटने पर एक्शन, फिर विकास की आड़ में अधिकारियों द्वारा कटवाए 100 वर्ष पुराने 10 हजार पेड़ों का संज्ञान क्यों नहीं?

लुधियाना/यूटर्न/10 मार्च। लुधियाना में लगातार पेड़ों का कत्ल कर दिया जा रहा है। इस मामले में पहले पॉश इलाकों के रसूखदारों के मामले सामने आए थे। वहीं अब रसूखदारों के साथ साथ पेड़ों का कत्ल करने में सरकारी विभाग भी पीछे नहीं है। शहर को मॉर्डन बनाने की आड में इरिगेशन डिपार्टमेंट की और से साउथ सिटी रोड पर हजारों की गिनती में पेड़ काट दिए हैं। चर्चा है कि इस दौरान करीब 10 हजार पेड़ काटे गए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि रसूखदारों पर पेड़ काटने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज हो गई। यहां तक कि सीएमओ ऑफिस की और से घरों के बाहर पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई के लिए लोकल बॉडी विभाग, इरिगेशन विभाग, बागबानी विभाग और नगर निगम को आदेश भी दे दिए हैं। उन पर तो प्रशासन एक्शन ले लेगा, लेकिन इरिगेशन विभाग द्वारा जो सरेआम हजारों की गिनती में पेड़ काट दिए गए, आखिर उन पर एक्शन कौन लेगा। एक तरफ पंजाब सरकार पौधे लगाने के लिए लोगों को नसीहत दे रही हैं, लेकिन दूसरी तरफ उन्हीं के सरकारी विभाग सरकार की मुहिम को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। अब देखना होगा कि क्या सीएमओ और लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा मामले में एक्शन लिया जाएगा।



### सुआ निर्माण कर रहा है इरिगेशन विभाग

चर्चा है कि साउथ सिटी रोड पर इरिगेशन विभाग द्वारा सुआ तैयार किया जा रहा है। उक्त सुए के लिए उसके आसपास लगे सालों पुराने पेड़ काट दिए गए हैं। हालांकि इस संबंधी आसपास के लोगों द्वारा विरोध भी किया जा चुका है। लेकिन अब अधिकारियों ने पेड़ों का कत्ल करने की ठान ही ली है, तो उन्हें रोका कैसे जा सकता है।

### पत्थरों के शहर में एक ही हरी भरी जगह बची थी

बता दें कि लुधियाना पत्थरों का शहर बनता जा रहा है। जहां लोग अपनी कमर्शियल बिल्डिंगें और घर दिखाने के लिए उनके आगे सालों पुराने लगे पेड़ काट रहे हैं। वहीं इस शहर में सिर्फ साउथ सिटी रोड पर वहीं हरी भरी जगह बच्ची थी। जहां जाकर इंसान चैन की खुली हवा में ताजी सांस ले पाता था। जहां चिड़ियों की रोजाना आवाजें सुनती थी। एक तरफ तो पेड़ों को लंग्स कहा जाता है, लेकिन दूसरी तरफ सरकारी अधिकारी अपनी कमाई के चक्कर में उसे भी खत्म करने में लगे हुए हैं।

### एनजीओ भी आखिर क्यों चुप

वहीं एक तरफ तो आए दिन पब्लिक एक्शन कमेटी समेत अन्य पर्यावरण प्रेमियों व एनजीओ द्वारा शहर के दूसरे मुद्दों पर आवाज उठाई जाती है। लेकिन इस मामले में कोई भी एनजीओ आगे बढ़कर इस अवैध कार्रवाई को रोकती हुई नजर नहीं आ रही। हालांकि सभी मुद्दों में पेड़ काटना सबसे बड़ा मुद्दा है। क्योंकि अगर यहीं नहीं रहेगें, तो इंसानी जिंदगियां कैसे बच पाएंगी।

### क्या पेड़ काटना सिर्फ एक बहाना

वहीं चर्चा है कि इरिगेशन विभाग का सुए के लिए पेड़ काटना तो एक बहाना है, अंदरखाते कोई और ही खिचड़ी पक रही है। चर्चा है कि सुआ सालों पुराना है। फिर आखिर ऐसी क्या एमरजेंसी पड़ गई कि हजारों की गिनती में सालों पुराने पेड़ काट डाले। अब देखना होगा कि सरकार द्वारा पेड़ काटने वाले इरिगेशन विभाग के जिम्मेदार अफसरों पर एक्शन लेते हुए सच सामने ला पाती है या नहीं। लोगों का कहना है कि क्या उन्हें काटना ही एक रास्ता था, इसके अलावा भी दूसरा रास्ता निकाला जा सकता था।

## पूर्व स्पीकर गोसाईं का पोता शिअद में शामिल, सेंट्रल हल्के की राजनीति में शुरू हुई हलचल



लुधियाना/यूटर्न/10 मार्च। पंजाब के पूर्व डिप्टी स्पीकर और भाजपा के दिग्गज लीडर रहे स्वर्गीय सतपाल गोसाई के पोते अमित गोसाई ने बीजेपी को अलविदा कहते शिरोमणि अकाली दल का दामन थाम लिया है। मंगलवार को अमित गोसाई को सुखबीर बादल ने अकाली दल में शामिल करवाया। हालांकि इस ज्वाइनिंग को 2027 के विधानसभा चुनाव के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। जिसके चलते हल्का सेंट्रल के राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा हो चुकी है। क्योंकि इस हल्के में एक तरफ अमित गोसाई को शिअद का हल्का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा से गुरदेव शर्मा देबी यहां एक्टिव हैं। जबकि आम आदमी पार्टी से अशोक पराशर पप्पी हल्का विधायक है। जिसके चलते चचाएं छिड़ गई है कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर हो सकती है।

### पूर्व डिप्टी स्पीकर का गढ़ माना जाता है हल्का सेंट्रल

वहीं, अगर पहले के राजनीतिक समीकरणों पर नजर मारें तो पूर्व डिप्टी स्पीकर स्वर्गीय सतपाल गोसाईं हल्का सेंट्रल से दो बार विधायक रहे हैं। गोसाईं ने 2000 से 2002 और 2007 से 2011 तक दो बार विधानसभा के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया और पंजाब सरकार में मंत्रिमंडल में मंत्री भी रहे। हल्का सेंट्रल में उनका भारी वोट बैंक है। जिसके चलते वहां उनका गढ़ माना जाता था। अब देखना होगा कि क्या उक्त वोट बैंक अमित गोसाईं के हक में उतरता है या नहीं।

## सराभा नगर स्कूल की 10वीं परीक्षा में स्टूडेंट की जगह सहेली पेपर देने पहुंची, गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/10 मार्च। सराभा नगर स्थित सरकारी हाई स्कूल में एक स्टूडेंट युवती ने अपनी जगह पर अपनी सहेली को 10वीं क्लास के बोर्ड का पेपर देने के लिए भेज दिया। इस दौरान सैंटर सुपरीटेंडेंट ने शक होने पर लड़की का रोल नंबर कार्ड और आईडी कार्ड चैक किया। जिसके बाद इस हेरफेर का खुलासा हुआ। थाना डिवीजन नंबर पांच की पुलिस ने गांव ससराली की मनप्रीत कौर और कैलाश नगर की पल्वी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने नकली स्टूडेंट लड़की को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरी आरोपी स्टूडेंट मनप्रीत कौर की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार मनप्रीत कौर 10वीं क्लास की स्टूडेंट है। जिसके चलते उसके 10वीं के पेपर सरकारी स्कूल सराभा नगर में हो रहे थे। 9 मार्च को उसका पेपर था। लेकिन उसकी जगह पर पल्वी पेपर देने के लिए पहुंच गई। पेपर सैंटर में तैनात मुलाजिमों द्वारा जांच के दौरान उसे पकड़ लिया गया।




## लुधियाना में स्कूलों-ट्रेनों को उड़ाने की धमकी, ईमेल के जरिए थ्रेट, सीएम मान को भी मिली धमकी

लुधियाना/यूटर्न/10 मार्च। लुधियाना में मंगलवार सुबह तीन स्कूलों और ट्रेनों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। ईमेल में ब्लास्ट का समय भी दिया गया। ईमेल का पता चलते ही जिला पुलिस एक्टिव हो गई। मौके पर बम निरोधक दस्ते और भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। पुलिस द्वारा स्कूलों और रेलवे स्टेशन की गहनता से जांच की गई। हालांकि ईमेल में लिखे टाइम पर ऐसी कोई घटना नहीं हुई और न पुलिस को कुछ संदिग्ध मिला। ईमेल में सीएम भगवंत मान का भी जिक्र किया गया है और लिखा कि झूठे पुलिस मुठभेड़ों का जवाब जल्द दिया जाएगा। धमकी के बाद स्कूल प्रशासन और स्टाफ में दहशत फैल गई।






### दो स्कूलों में की गई छुट्टी

धमकी के बाद डीएवी स्कूल और केवीएम स्कूल में छुट्टी कर दी गई। वहीं ग्रीनलैंड स्कूल और गुरु नानक पब्लिक स्कूल में भी जांच की गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। हालांकि स्कूलों को धमकी का यह पहला मामला नहीं हैं। इससे पहले भी कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। 10 फरवरी को मोहाली के 16 स्कूल को धमकी मिली थी।



### जालंधर में भी मिल चुकी धमकी

इससे पहले जालंधर में भी 2 मार्च को 2 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी मेल मिली थी। शहर के बीच और पंजाब आर्म्ड पुलिस कैंपस में बने पुलिस डीएवी और रामामंडी की एपीजे स्कूल ब्रांच को धमकी भरी मेल आई थी। हालांकि पुलिस को जांच के कुछ नहीं मिला था। वहीं दो महीने पहले अमृतसर में भी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। गांव मेहरबानपुरा स्थित सरकारी स्कूल की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजी गई थी। जिसमें राष्ट्रगान के गायन को रोकने की भी मांग की गई। हलांकि जब बम निरोधक दस्ते और साइबर सेल ने जांच की तो कुछ नहीं मिला था।

# कच्चा मलक रोड पर खुले गड्ढे में गिरा सांड, गैस पाइपलाइन लीक होने से मची अफरातफरी, बड़ा हादसा टला, विभागों में दिखी आपसी खींचतान

## नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर स्थानीय लोगों ने उठाए गंभीर सवाल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मार्च। कच्चा मलक रोड स्थित बाबा जीवन सिंह नगर के पास बीती रात एक बड़ा हादसा होने से उस समय टल गया, जब गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए एक खुले गड्ढे में एक बेसहारा सांड गिर गया। मंगलवार सुबह जब लोगों को इसका पता चला और उन्होंने सांड को बाहर निकालने का प्रयास किया, तो गड्ढे से गुजर रही 'थिंक गैस' (Think Gas) की पाइपलाइन से गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस लीक होने से आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल प्रशासन, नगर परिषद और पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए एहतियातन फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को भी मौके पर बुला लिया गया।






### लापरवाही की इंतहा:- विभागों का एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप

इस घटना ने विभिन्न विभागों के बीच तालमेल की भारी कमी को उजागर कर दिया है। मौके पर पहुंचे 'थिंक गैस' के कर्मचारियों ने दावा किया कि एक केबल तार बिछाने वाली कंपनी ने अपना काम बाकी होने की बात कहकर उन्हें इस गड्ढे को बंद करने से रोका था। दूसरी ओर, जब केबल कंपनी के कर्मचारियों से बात की गई, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह गड्ढा उनके कारण नहीं, बल्कि बीएसएनएल (BSNL) के अधूरे काम के कारण खुला पड़ा है। मौके पर सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए एक-दूसरे को कसूरवार ठहराते नजर आए।

### प्रशासनिक अधिकारियों का सख्त रुख



**सिविल प्रशासन :-** मौके पर पहुंचे तहसीलदार वरिंदर भाटिया ने स्पष्ट किया कि गैस रिसाव की सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई और स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में ले लिया गया है। उन्होंने राहत जताते हुए कहा कि गनीमत रही कि कोई जानी या माली नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, उन्होंने इसे एक 'बड़ी लापरवाही' करार देते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी और जो भी विभाग या व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**पुलिस प्रशासन :-** मौके पर पहुंचे एसपी (SP) राजन शर्मा ने बताया कि पुलिस और सिविल प्रशासन की टीमें मिलकर इस पूरे मामले की जांच कर रही हैं ताकि जवाबदेही तय की जा सके।

*सांड का किया गया सफल रेस्क्यू...गौरतलब है कि इस पूरे घटनाक्रम के बीच, गड्ढे में गिरे बेसहारा सांड को 'हरी सेवा सोसायटी' के सदस्यों द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल (रेस्क्यू कर) लिया गया और उसे आवश्यक इलाज के लिए भेज दिया गया है।*

### नगर परिषद की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में



